दिनांक 08.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयुक्त के0एल0 चौहान ने झिल्ली पन्नी बिनने वाले, तथा सब्जी मण्डी में बोझा उठाने वाले श्रमिक महिलाओं को श्रम पंजीयन प्रमाण–पत्र तथा निगम के शिक्षिकाओं तथा शिक्षक को पेंशन पंजीयन प्रमाण–पत्र (प्रान कार्ड) प्रदान कर सम्मानित किया।

आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने कहा कि शहर के विभिन्न स्थलों से भोर में ही अपने घर से निकलकर हमारे द्वारा फेंके गये कचरे को एकत्र कर उसे बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करने वाली महिलाओं का श्रम पंजीयन कर प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया है तथा शासन की योजना के तहत् पांच रुपये में भोजन प्रदान किये जाने उन महिलाओं का कार्ड भी दिया गया है जो उनका अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वास्तविक सम्मान है। निगम का श्रम विभाग ऐसे महिलाओं का पहचान कर उनका पंजीयन करने का कार्य कर रहा है। उन्होने आगे बताया कि निगम क्षेत्र के विभिन्न विद्यालय में कार्यरत् 172 शिक्षक शिक्षिकाओं का पेंशन पंजीयन प्रमाण–पत्र (प्रान कार्ड) भी महिला दिवस के अवसर पर उन्हे प्रदान किया गया है। प्राप्त कार्ड के माध्यम से उन्हे अंशदायी पेंशन की राशि की जानकारी प्राप्त हो सकेंगे। आयुक्त ने सभी को महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर आयुक्त के0एल0 चौहान, जोन आयुक्त संजय शर्मा, भवन अधिकारी तपन अग्रवाल, शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र राव, श्रम कार्ड के प्रभारी अधिकारी शरद दुबे, प्रोग्रामर सुश्री दिप्ती साहू, स्टेनो पुरुषोत्तम साहू, अशोक कश्यप, श्रमिक महिलाएं तथा शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी